संख्या: 2 / 2017/ 321 /61-2017-5प्रा0/1-91.

प्रेषक,

ओम प्रकाश यादव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग, लखनऊ दिनांक, 08 अगस्त 2017

विषय: कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 में सृजित विशेष कार्याधिकारी के पदों की निरन्तरता।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या- यू0ओ0-176/61-98, दिनांक 16 फरवरी, 1999 में उल्लिखित शर्तो के अधीन कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 हेतु सृजित विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों की निरन्तरता शासनादेश संख्या-367/61-2014, दिनांक 07-7-2014 के द्वारा दिनांक 30-06-2014 तक बढ़ाई गयी थी। तत्पश्चात् विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों में से आवश्यकता के दृष्टिगत 01 पद की निरन्तरता शासनादेश संख्या-756/61-2014, दिनांक 26 नवम्बर, 2014 के माध्यम से दिनांक 28-2-2015 तक, शासनादेश संख्या-5/2015/392/61-2015 दिनांक 15 मई, 2015 के माध्यम से दिनांक 30/6/2015 तक, शासनादेश संख्या-14/2015/533/61-2015 दिनांक 25 अगस्त, 2015 के माध्यम से दिनांक 29/02/2016 तक एवं पुन: शासनादेश संख्या- 360/61/2016, दिनांक 19 मई, 2016 द्वारा दिनांक 28-02-2017 तक बढ़ाई गयी थी। उक्त प्रकरण में पुन: सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 में सृजित विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों में से 01 पद की निरन्तरता दिनांक 01-03-2017 से 31-08-2017 तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदान की जाती है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-41 के लेखा शीर्षक "2015-निर्वाचन-आयोजनेत्तर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना ओर मुद्रण-03-विधान सभा एवं संसद" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-12- 801/दस-2016, दिनांक 03-8-2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहें हैं।

भवदीय,

(ओम प्रकाश यादव)
अनु सचिव।

संख्या: 2 /2017/ 321 (1)/61-2017-5प्रा0/1-91, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) महालेखकार लेखा (प्रथम)/आडिट (प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(3) वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 सचिवालय।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12, उ0प्र0 सचिवालय।
(5) लेखाकार, कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(ओम प्रकाश यादव)
अनु सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in